दिन–सोमवार

दिनांक– 08 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. कोसी और गंडक नदी में उफान के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण।

02. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर थमा। दस जुलाई को होगा मतदान।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट– यूजी पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। केन्द्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से मांगी रिपोर्ट। मामले की अगली सुनवाई ग्यारह जुलाई को।

04. और, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करने का निर्देश दिया।

———————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। श्री कुमार ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। बाद में मुख्यमंत्री ने वाल्मीकिनगर गंडक बराज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

———————————————

केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान को पार कर गयी है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में और महानंदा का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर, पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, परमान नदी भी अररिया में खतरे के निशान से अट्ठाईस सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। सुपौल, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले के कई निचले इलाकों में बाढ का पानी फैल गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि

सुपौल में पांच प्रखंड की सत्ताईस पंचायतों की लगभग पांच लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुयी है।

---बाईट---

नेपाल में हो रही भारी बारिश के बाद भीमनगर कोसी बराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। हालांकि कल के मुकाबले आज नदी के जलस्तर में गिरावट आई है। जल संसाधन विभाग के अनुसार कोसी बराज से आज दो लाख पच्चीस हजार क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया। जलस्तर में हो रहे उतार–चढाव के बीच कोसी नदी के पूर्वी और पश्चिमी तटबंध के भीतर रह रहे लोग पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। जिले के सुपौल सदर, किशनपुर, सरायगढ़–भपटिआही, मरौना और निर्मली प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। तटबंध के भीतर रह रहे लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग द्वारा तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी गयी है। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पॉलिथीनशीट का वितरण किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, पश्चिम चंपारण जिले में गंडक के साथ–साथ सिकटा नदी भी तबाही मचाने लगी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि हजारों की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुयी है।

---बाईट---

वाल्मीकिनगर गंडक बराज़ से आज भी 2 लाख 70 हज़ार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया। इसके बाद दियारा के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। जिले के पिपरासी औऱ ठकरहां प्रखंड के गांवों समेत चकदहवा, झंडू टोला, एसएसबी कैंप और बीन टोली में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। वहीं, योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के जलरपुर– खुटबनिया और सिसवा मंगलपुर पंचायत के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। इधर, जिले में सिकटा नदी भी कहर ढाहने लगी है। नदी में आए उफान से घोड़ासहन नहर के अट्ठाईसलखा पुल के पास पश्चिमी सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे कई गांव जलमग्न हो गए हैं। प्रशासन लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील कर रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कल से सामुदायिक रसोई घर का संचालन शुरू किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

पूर्वी चंपारण जिले में भी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। ब्योरा हमारे संवाददाता से...

---बाईट---

पूर्वी चंपारण जिले में गंडक और इसकी सहायक नदी सिकरहना लगातार उफान पर है। जिले के भवानीपुर से लेकर पूछरिया तक बाढ़ की स्थिति बन गयी है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। जिला प्रशासन ने गंडक की पेटी में रह रहे लोगों से तत्काल ऊंचे स्थानों पर शरण लेने की अपील की है। इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार माईकिंग करवाई जा रही है। इस बीच, प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के लिए नाव की व्यवस्था की है। साथ ही आश्रय स्थल भी चिन्हित किये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार।

गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि बांध के अंदर बसे कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। जिले के प्रभारी मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

---बाईट---

वाल्मीकिनगर बराज से पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। डुमरिया घाट में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। गोपालगंज सदर, मांझा प्रखंड क्षेत्र में सारण बांध के अंदर बसे कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया

है। सदर प्रखंड के रामनगर, जागीरी टोला और मलाही टोला में सड़कों पर बाढ़ का पानी आ जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के लिए नाव ही आवागमन का एक मात्र साधन बच गया है। इधर, बांध की निगरानी को लेकर जल संसाधन विभाग के अधिकारी 24 घंटे कैम्प कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मदेश तिवारी।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा के पत्तरघट में सबसे अधिक एक सौ ग्यारह दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान सीमांचल के जिलों कटिहार, अररिया और पूर्णियां में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों मे हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन प्रखंड के लोहरगावां गांव में आज एक पुलिया ध्वस्त हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस पुलिया का निर्माण वर्ष दो हजार उन्नीस में ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से पैंतालीस लाख रूपये की लागत से करवाया गया था। पुलिया के ध्वस्त होने से आवागमन बाधित हो गया है।

———————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए आज प्रचार समाप्त हो गया। मतदान दस जुलाई को होगा। मतों की गिनती तेरह जुलाई को होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि उप चुनाव को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने–अपने प्रत्याशियों के लिए जमकर प्रचार किया। उप चुनाव में कुल ग्यारह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ब्योरा हमारे संवाददाता से...

———बाईट———

रूपौली विधानसभा उपचुनाव एनडीए और इंडी गठबंधन दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। प्रचार अभियान के दौरान एनडीए से जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान तथा जीतनराम मांझी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने जदयू उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वहीं, इंडी गठबंधन से राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी समेत कई नेताओं ने राजद उम्मीदवार बीमा भारती के पक्ष में जनसभाएं की। इस बीच, पूर्णियां के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने राजद उम्मीदवार बीमा भारती को समर्थन देने की घोषणा की है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णियां से होमी चंदन।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए से रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। साथ ही न्यायालय ने सीबीआई को भी मामले में अब तक की अपनी जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट दायर करने का भी निर्देश दिया। न्यायालय ने एनटीए, केंद्र सरकार और सीबीआई को बुधवार शाम पांच बजे तक अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। ब्योरा हमारे संवाददाता से––

———बाईट———

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्र की पीठ ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं से संबंधित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई की। इनमें परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार के आरोप तथा नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह तथ्य कि परीक्षा की पवित्रता से समझौता किया गया है, जो संदेह से परे है। उन्होंने कहा कि दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले पेपर लीक कहां से हुआ यह पता होना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि परीक्षा रद्द करना अंतिम उपाय है। इस मामले में अब अगली सुनवाई ग्यारह जुलाई को होगी।  एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – नीट यूजी का आयोजन करता है। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने महिला और बाल विकास मंत्रालय को इस पर एक नीति तैयार करने करने के लिए हितधारकों के साथ बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि नीति से जुड़ा यह मुद्दा अदालतों के संज्ञान का मुद्दा नहीं है। महिलाओं को ऐसी छुट्टी देने पर अदालत का निर्णय प्रतिकूल और हानिकारक साबित हो सकता है क्योंकि नियोक्ता उन्हें काम पर रखने से बच सकते हैं। पीठ ने आगे कहा कि यह निर्देश राज्य सरकार को मासिक धर्म अवकाश की नीति पर स्वतंत्र निर्णय लेने में बाधक नहीं बनेगा।

————————————————————————

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने दो वर्षीय बीएड और शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणााम जारी कर दिया है। बीएड परीक्षा में हाजीपुर की प्रीती अनमोल टॉपर बनी हैं। एक लाख अस्सी हजार पचास अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। वहीं, शिक्षा शास्त्री के लिए आयोजित

परीक्षा में दो सौ सत्तावन अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। अभ्यर्थी बिहार सीटेट बीएड डॉट एलएनएमयू डॉट आइएन पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

———————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा—दो हजार चौबीस की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विद्यार्थी कल तक उत्तर कुंजी पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। परीक्षा परिणाम एक सप्ताह के अंदर घोषित होने की संभावना है।

———————————————————

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने आज राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न मुद्दों पर विचार—विमर्श हुआ।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित अपने आवास में पौधारोपण कर राज्य स्तरीय वन महोत्सव की शुरूआत की। श्री कुमार ने लोगों से अपने आवासीय परिसर और आस—पास पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

———————————————————

मधुबनी की पॉक्सो अदालत ने एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में दोषी जितेन्द्र कुमार यादव को अलग—अलग धाराओं के तहत उम्रकैद और बीस साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने बीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। सभी सजाएं एक साथ चलेगी।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. कोसी और गंडक नदी में उफान के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण।

02. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर थमा। दस जुलाई को होगा मतदान।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट– यूजी पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। केन्द्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से मांगी रिपोर्ट। मामले की अगली सुनवाई ग्यारह जुलाई को।

04. और, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करने का निर्देश दिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।